प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रदेश में भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर गिनाईं सरकार की उपलब्धियां : कहा– देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है उत्तर प्रदेश।**
2. **प्रदेश सरकार कल से तीन दिनों तक सभी जिला मुख्यालयों में मनायेगी विकास उत्सव : भारतीय जनता पार्टी 14 अप्रैल तक प्रदेश भर में करगी जन संवाद।**
3. **अयोध्या में राम मंदिर भवन निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक आज से हुई शुरू : समिति क अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा– अंतिम चरण में है मंदिर निर्माण का काम।**

**और**

4. **विश्व टीबी दिवस पर आज समाप्त हुआ सौ दिवसीय अभियान : प्रदेश में चार करोड़ 51 लाख से अधिक लोगों की हुई स्क्रीनिंग।**

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लखनऊ में आज एक पत्रकार वार्ता कर सरकार की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 8 वर्षों में सुरक्षा,**

सुशासन, समृद्धि और सनातन संस्कृति के क्षेत्र में राज्य की अलग पहचान बनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और 25 करोड़ प्रदेशवासियों के प्रयास से आज उत्तर प्रदेश, देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। बाइट.....

*इस उत्तर प्रदेश को आठ वर्ष पहले केवल एक श्रम शक्ति के रूप में लोग जानते थे। आज वही उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था ग्रोथ इंजन बनकर के उभरा है। आज वही उत्तर प्रदेश आठ वर्ष की इस यात्रा के दौरान देश के अंदर अर्थ शक्ति के रूप उभरा है। आज यही उत्तर प्रदेश प्रत्येक सेक्टर में जो देश के विकास का एक बैरियर माना जाता है। वही उत्तर प्रदेश देश के विकास का ब्रेक थ्रू बनकर के उसको एक नई दिशा देने के लिए हर एक सेक्टर में आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने सेवा, सुरक्षा और सुशासन के 8 वर्ष पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने हर क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन किया है। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में उत्तर प्रदेश जल्द ही देश की पहले नंबर की अर्थव्यवस्था बनेगा। बाइट.....

*आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने देश को पाँच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के बड़े लक्ष्य को देशवासियों के सामने रखा है और उसके परिणाम हमारे सामने भी हैं। दो हज़ार चौदह में जिस देश की अर्थव्यवस्था दसवें ग्यारहवें स्थान पर थी, आज वह देश दुनिया का पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। दो हज़ार सत्ताईस में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। उत्तर प्रदेश आज नंबर दो की देश की अर्थव्यवस्था है। वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने के लिए जो प्रयास डबल इंजन की सरकार ने प्रारंभ किए हैं। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश देश की शीर्ष अर्थव्यवस्था बनेगा।*

श्री योगी ने बीते 8 वर्षों में कानून–व्यवस्था में सुधार को सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ का उदाहरण देते हुए कहा कि 45 दिनों के इस आयोजन में कोई छेड़छाड़, लूटपाट या अपहरण की घटना नहीं हुई। उन्होंने पारदर्शी तरीके से पुलिस भर्ती प्रक्रिया कराने और बीते आठ वर्षों में बेरोजगारी दर 19 प्रतिशत से 3 प्रतिशत पर लाने का भी उल्लेख किया। मुख्य्मंत्री न प्रदेश के औद्योगिक विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि 2017 से पहले इज ऑफ डूइंग बिजनेस में प्रदेश 14वें स्थान पर था पर आज टॉप अचीवर स्टेट है। बाइट.....

*औद्योगिक विकास इज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश दो हज़ार सत्रह के पहले चौदह वें स्थान पर था। आज देश का टॉप अचीवर स्टेट के रूप में उत्तर प्रदेश बना हुआ है। ये संभावना बताती है कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश देश के अंदर सबसे अधिक निवेशकों को आकर्षित करने वाले एक ड्रीम डेस्टिनेशन बनकर के उत्तर प्रदेश देश के अंदर उभरा है।*

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर कल से 27 मार्च तक सभी जिला मुख्यालयों पर विकास उत्सव मनाया जाएगा। सेवा, सुरक्षा और सुशासन के आठ वर्ष थीम पर केंद्रित इस उत्सव में प्रदेश सरकार के मंत्री ज़िलों में जाकर सरकार की आठ साल की उपलब्धियों को जनता के सामने रखेंगे। वहीं भारतीय जनता पार्टी 14 अप्रैल तक प्रदेश भर में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

करेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता घर घरजाकर लोगों क सामने प्रदेश सरकार के काम का लेखा जोखा पेश करेंगे। बाइट....

*सरकार के आठ वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में हमारी पार्टी ने आठ वर्ष के कामकाज कालेखा जोखा जनता के बीच में रखने का निर्णय लिया है। जनसंवाद के तहत कल सभी मंत्रीगण सभी जिलों में जाएंगे, फिर विधानसभाओं में जाएंगे और चौबीस तारीख से लगातार चौदह अप्रैल तक लगातार भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता घर घर जाकर अपनी सरकार का लेखा जोखा जनता के बीच में रखेंगे।*

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल आगामी पर्व और त्योहारों को लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी पर्वों को सुशासन और सुव्यवस्था के साथ सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। पेश है एक रिपोर्ट......

*बैठक में मुख्यमंत्री ने चैत्र नवरात्रि, रामनवमी, ईद–उल–फितर, बैशाखी त्योहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परंपरा के विरुद्ध कोई काम न किया जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और अराजकता फैलाने वालों पर ज़ीरो टॉलरेंस नीति केतहत सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए। श्री योगी ने अधिकारियों को अलविदा की नमाज़ के मौके पर विशेष सतर्कता बरतने और ईद के अवसर पर साफ–सफाई, स्वच्छता व पेयजल की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। वहीं श्रीरामनवमी पर अयोध्या और चैत्र नवरात्रि के मौके पर मां विंध्यवासिनी धाम, देवीपाटन धाम में होने वाले आयोजनों को बेहतर भीड़ प्रबंधन के साथ सम्पन्न कराने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्वास्थ्य सहित सभी तरह की आपातकालीन सेवाओं को अलर्ट मोड में रखने के भी निर्देश दिए।आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीसीएसई की गवर्निंग बॉडी ने 12वीं कक्षा की अकाउटेंसी परीक्षा में बेसिक कैलकुलेटर के उपयोग की मूंजूरी दे दी है। यह फैसला 2025 –26 शैक्षणिक सत्र से लागू होगा। परीक्षा समिति के प्रस्ताव अनुसार बेसिक नॉन–प्रोग्रामेबल कैलकुलेटर की मंजूरी होगी।

—————————

प्रदेश में 1 लाख 33 हज़ार प्राथमिक व उच्च प्राथमिक परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं आज से शुरू हो गई हैं। ये परीक्षाएं 28 मार्च तक चलेंगी।

—————————

लखनऊ नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में पार्षद निधि बढ़ा दी गई है। पार्षदों की निधि 1 करोड़ 47 लाख

रुपए से बढ़ा कर 2 करोड़ 10 लाख रुपए कर दी गई हैं। वहीं महापौर और नगर आयुक्त की निधि में कटौती की गई है।

—————————

अयोध्या में राम मंदिर भवन निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक आज से शुरू हो गई है। बैठक में शामिल होने अयोध्या पहुंचे निर्माण समिति क अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि मंदिर का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मंदिर आगामी 9 माह में पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा। बाइट.....

*वर्ष दो हज़ार पच्चीस में मंदिर और मंदिर का परिसर के जो भी निर्माण कार्य निर्माण समिति के लिए जो जिम्मेदारी है उसको पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। लगभग नौ माह रह गए हैं तो सभी भवन जो इस समय निर्माणाधीन है वो अपने अंतिम चरण में है। मंदिर का निर्माण जिसमें शिखर भी सम्मिलित है। पूरी आशा है कि अप्रैल माह में पूर्ण हो जायेगा।*

—————————

आज विश्व टीबी दिवस है। देश को टी.बी. मुक्त बनाने की दिशा में केन्द्र और प्रदेश सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इसी के तहत प्रदेश में 7 दिसम्बर से शुरू हुए सौ दिन के सघन टी.बी. उन्म्लन अभियान का आज समापन हो गया। राज्य टीबी अधिकारी डॉक्टर शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि इन सौ दिनों में प्रदेश के सभी जनपदों में

फोकस्ड अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत चार करोड़ 51 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई। बाइट.....

*अभी सौ दिनों का अभियान सात दिसम्बर से शुरू हुआ जो पहले पंद्रह जिलों में था। बाद में एक जनवरी से उसको सभी पचहत्तर जनपदों में लागू कर दिया गया। ये अभियान फोकस्ड अभियान था। मतलब हम लोग जनरल पॉपुलेशन को न फोकस करके उस पॉपुलेशन पर फोकस कर रहे थे जिन पर टीबी होने की संभावना आमजन के मुकाबले ज्यादा होती है।*

————————

इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन के चौथे मैच में आज लखनऊ सुपरजायंट्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। मैच दिल्ली टीम के सेकेंड होमग्राउंड डॉ वाई एस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम विशाखापट्टनम में शाम 7 बजकर 30 मिनट से खेला जाएगा। यहां दोनों टीमें पहली बार एक—दूसरे का सामना करेंगी

————————

मौसम विभाग ने प्रदेश में आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने का पूर्वानुमान जताया है। विभाग के मुताबिक अगले 4 दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 3 से 5डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी देखने को मिल सकती है।

————————